Dabang Dunia (Indore), 28th June 2020, Page-3

# टाइम्स हायर एजुकेशन यंग यूनिवर्सिटी रैंकिंग में आईआईटी इंदौर को 64वां स्थान

इंदौर। इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी यानी आईआईटी इंदौर की उपलब्धियों की लिस्ट में और बढ़ोतरी हुई है, अभी भी जारी है। 2020 की टाइम्स हायर एजुकेशन यंग यूनिवर्सिटी रैंकिंग में आईआईटी इंदौर को 64वें स्थान मिला है। पिछले साल यह 68वें स्थान पर था और इस साल यह चार स्थान ऊपर चढ़ा है। यह भारतीय यूनिवर्सिटीज में दूसरे स्थान पर है। 2020 की यंग यूनिवर्सिटी रैंकिंग में पिछले 50 सालों में स्थापित हुई सर्वश्रेष्ठ यूनिवर्सिटीज का पता चलता है। यह रैंकिंग उन्हें शिक्षण, अनुसंधान, अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण और उद्योग के साथ उनके काम के आकलन के आधार पर प्रदान की जाती है। वास्तव में इस रैंकिंग को यूनिवर्सिटी रैंकिंग के समान पद्धति का उपयोग करके बनाया गया था। कुल मिलाकर 26 भारतीय यूनिवर्सिटी 414 यूनिवर्सिटी की इस पूरी रैंकिंग में दिखाई देते हैं, जिनमें केवल 02 भारतीय संस्थान टॉप 100 में हैं। आईआईटी इंदौर ने अपने स्कोर में सुधार किया है। आईआईटी डायरेक्टर प्रो. नीलेश कुमार जैन ने सभी को बधाई देते हुए अगले वर्ष रैंकिंग में और सुधार करने को कहा है।